यातायात पुलिस

प्रेस नोट

हेलमेट चैकिंग अभियान

आज दिनांक 03.06.2023 को श्री विजयकुमार सिंह अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस यातायात, राजस्थान जयपुर के निर्देशों की पालना में सड़क सुरक्षा हेतु पुलिस आयुक्तालय जोधपुर में श्री रविदत्त गौड़ पुलिस आयुक्त जोधपुर, श्री विनीतकुमार बंसल पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं यातायात, श्री चैनसिंह महेचा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात के निर्देश व सुपरविजन में श्री शिवनारायण चौधरी सहायक पुलिस आयुक्त यातायात पूर्व, श्री कैलाश पारीक निरीक्षक पुलिस, श्रीमती निशा भटनागर निरीक्षक पुलिस, श्री गोविन्द व्यास निरीक्षक पुलिस, श्री बंशीलाल निरीक्षक पुलिस व श्री गोरधनराम निरीक्षक पुलिस द्वारा के नेतृत्व में बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही हेतु सघन जॉच अभियान चलाया गया।

उक्त अभियान के दौरान उक्त अधिकारियों द्वारा यातायात पुलिस आयुक्तालय जोधपुर के समस्त अनुसंधान अधिकारियों को बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चलाने वालों के विरूद्ध की जाने वाले कार्यवाही की प्रति घण्टा मॉनिटरिंग कर अधिकाधिक चालान कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किये गये। जिस पर यातायात पुलिस आयुक्तालय जोधपुर द्वारा सुबह 09.00 एएम से सांय 05.00 पीएम तक कुल 1154 दुपहिया वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत नियमानुसार चालान कार्यवाही की गई हैं।

(चैनसिंह महेचा)
अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त
यातायात, जोधपुर